वोटर बनने के लिए उत्साहित युवा

बल्लभगढ़ के अग्रवाल कॉलेज में शिविर, 300 से अधिक फॉर्म भरे गए

अमर उजाला

फरीदाबाद (ब्यूरो)। 'अमर उजाला फाउंडेशन' की ओर से बुधवार को बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कॉलेज में वोटर जागरूकता एवं रजिस्ट्रेशन शिविर लगाया गया। इसमें मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए तीन सौ से अधिक फार्म-6 भरे गए।

इसकी शुरुआत एसडीएम फरीदाबाद धर्मेंद्र सिंह ने की। इस मौके पर बल्लभगढ़ के नायब तहसीलदार राज सिंह मोर, एचओडी कॉमर्स डॉ. अनिल सिंघल, डॉ. जयपाल सिंह व पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. रामचंद्र सहित कई लोग मौजूद रहे। शिविर से पहले अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के लिए कॉलेज सभागार में लोकतंत्र में वोट के महत्व पर अपने विचार प्रकट किए। मंच का संचालन किरण आनंद ने किया। निर्वाचन कर्मचारी ज्ञानचंद व अमित कुमार ने मतदाता बनने के लिए विद्यार्थियों से फार्म भरवाने के साथ-साथ अन्य जरूरी बातों की जानकारी भी दी।

एसडीएम धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि किसी भी प्रजातांत्रिक देश में मतदाता का पंजीकरण एक महत्वपूर्ण कार्य होता है। विश्व के लोकतांत्रिक देशों में भारत अकेला देश है, जिसे आजादी के साथ ही सरकार चुनने का अधिकार अपने आप मिल गया। कुछ देश ऐसे हैं, जहां लोग आजाद तो हैं, लेकिन उन्हें वोट डालने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए युवाओं की भूमिका सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। बेहतर मतदान औसत के बिना बेहतर स्वस्थ लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती। एसडीएम ने कहा कि देश की आबादी और मतदाताओं की संख्या में भारी गैप है।

बच्चों को मतदाता फार्म बांटते अधिकारी। बल्लभगढ़ के नायब तहसीलदार राजसिंह मोर (नीचे)।

मतदाताओं के बगैर लोकतंत्र की परिकल्पना ही नहीं की जा सकती है। लोकतंत्र का आधार वोट है। वोट है तो लोकतंत्र है। अगर वोट ही न हो तो शायद लोकतंत्र ही न रहे। इसलिए घर से निकल कर मतदान करें अपने लिए और देश के लिए।

दिव्या, बीए सेकेंड ईयर

लोकतंत्र में वोट आम आदमी का अधिकार है। इसलिए मतदान के लिए बूथ तक हर हाल में पहुंचना चाहिए। पहले हमें अपना वोट डालना चाहिए उसके बाद अपने अधिकारों की बात करनी चाहिए। कम वोट पड़ने के कारण ही गलत लोग चुने जाते हैं ।

पूजा शर्मा, बीए सेकें ड ईयर

जनता और समाज के उत्थान के लिए सभी नागरिकों को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। यह तभी संभव है जब सभी अपना वोटर कार्ड बनवाएं। हर व्यक्ति को समझना होगा कि इससे बड़ी उसकी कोई ताकत नहीं है।

डॉ. रामचंद्र, पुस्तकालय अध्यक्ष, अग्रवाल कॉलेज

'अमर उजाला' द्वारा समय-समय पर सामाजिक बुराइयों के खिलाफ चलाए जाने वाला अभियान लोगों के लिए प्रेरणा का काम करता है। 'बेटी ही बचाएगी' अभियान की तरह मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए स्कूल-कॉलेजों में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करने का काम लोगों को प्रेरणा देगा।

धर्मेंद्र सिंह, एसडीएम, फरीदाबाद